**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 19.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

अगले वर्ष मार्च तक नक्सलवाद के खात्मे के लिए राज्य में अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इस बार मानसून सीजन में भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखने का फैसला किया है। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दावा किया है कि सुरक्षा बल अपने अभियान में सफल होंगे।

******************

केन्द्र सरकार ने सोमवार से 21 जुलाई शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून अधिवेशन 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और इन्हें पारित कराए जाने की उम्मीद है।

******************

सावन के पवित्र माह में देवघर के बाबा धाम में देश– विदेश से कांवरियों के आने का सिलसिला जारी है। आज मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोले जाने के साथ शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आज करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने की संभावना व्यक्त की है।

******************

देवघर में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। भारतीय रेलवे एर्नाकुलम से पटना के बीच विशेष ट्रेन चलायेगी। यह ट्रेन दोनों ओर से सप्ताह में एक बार चलेगी। इस दौरान रास्ते में जसीडीह, मधुपुर, जामताड़ा, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर आदि स्टेशनों पर ट्रेन रूकेगी। यह जानकारी आसनसोल मंडल की ओर से दी गयी है। इसका परिचालन 25 जुलाई से 15 अगस्त तक होगा।

******************

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत राजधानी रांची सहित देश के मध्यमवर्गीय और निम्न आय वाले लोगों के स्वस्थ जीवन का आधार बन रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

गिरिडीह जिले की पुलिस ने गांडेय और अहिल्यापुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है.। गिरिडीह के एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि दोनों अपराधी दिल्ली का अधिकारी बनकर लोगों से पैसे ठगते थे।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को आज उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मंगल पांडे को देश का महान योद्धा बताते हुए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंगल पांडे ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी और उनके साहस और वीरता की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मंगल पांडे को नमन किया है।

******************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने आज विनोबा भावे विश्वविधालय में खेल गतिविधियां बढ़ाने के लिए दो स्पोर्ट्स किट्स विघार्थियों को प्रदान किया, जिसमें फुटबॉल किट, क्रिकेट कीट, वॉलीबॉल किट और बैडमिंटन किट शामिल है। इस मौके पर श्री  जायसवाल ने बताया कि विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्पोर्टस किट का वितरण किया जा रहा है।

*********समाप्त*********